**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 4319 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**जहाजों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैस में कमी**

†4319. श्री आदित्य यादव :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए सरकार के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन के जहाजों से होने वाले कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को वर्ष 2008 के स्तर से वर्ष 2050 तक 50 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी:

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** भारत की विनियामक और नीतिगत उपाय, आईएमओ की संशोधित जीएचजी कार्यनीति (2023), जिसका लक्ष्य 2050 तक या उसके आस-पास निवल-शून्य ग्रीनहाऊस गैस उर्त्सजन तक पहुंचना है के साथ पूर्णत: संरेखित है। भारत सरकार ने हरित और हाइब्रिड जलयानों, स्वच्छ सागर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, तट से पोत तक विद्युत आपूर्ति (एसपीएस) को समर्थन देने के लिए हरित सागर पहलों, हरित ईंधन को बढ़ावा, ग्रीन टग ट्रांजिशन कार्यक्रम (जीटीटीपी), पोत निर्माण वित्तीय सहायता नीति (एसबीएफएपी) दिशा-निर्देशों में संशोधन सहित देश के समुद्री क्षेत्र के गैर-कार्बनीकरण संबंधी कई उपाय किए हैं।

**(ग):** प्रश्न नहीं उठता।

*****